## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, विदेश मंत्री एस जयशंकर, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज किया पदभार ग्रहण।**
2. **ग्रामीण विकास विभाग ने इस वित्तीय वर्श के लिए विधायक कोश की चार सौ दस करोड़ रूपये की राशि विकास योजनाओं के लिए की आवंटित।**
3. **झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में हो रही अफीम की खेती को लेकर जतायी नाराजगी, कहा–झारखंड पुलिस रोक लगाए नही तो कोर्ट करेगा हस्तक्षेप।**
4. **देवघर और चाईबासा जिले में हुए दो अलग–अलग वाहन दुर्घटना में हुई पांच लोगों की मौत।**

***************************

अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने श्री वैष्णव का स्वागत किया।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी आज सुबह कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम और वसुधैव कुटुंबकम भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे।

लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर श्री पासवान ने कहा कि वह दी गई जिम्मेदारी को प्रतिबद्धता, ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाएंगे।

इधर रांची के सांसद संजय सेठ ने भी रक्षा मंत्रालय में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात भी की।

***************************

देश में 21 जून को मनाये जाने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बड़ा उत्साह है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्टो में कहा कि योग एक शाश्वत अभ्यास है जो एकता और सदभाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने विविध संस्कृतियों और क्षेत्रों को जोड़ने की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला और कहा कि योग ने समग्र कल्यांण की खोज में दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट किया है।

श्री मोदी ने कहा कि हर किसी को योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

***************************

ग्रामीण विकास विभाग ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद विधायक कोष की राशि आवंटित कर दी है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए राज्य के सभी विधायकों के लिए चार सौ दस करोड़ रूपये दिए गए हैं। राशि मिल जाने से अब विधायक अपने–अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं का

क्रियान्वयन करा सकेंगे। सड़क, नाली, सामुदायिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण कार्य विधायक कोष से हो सकेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज कई विभागों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में केंद्र की उन योजनाओं पर विशेष फोकस रहेगा, जिनसे आम लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होते हैं। आज जिन विभागों की समीक्षा होगी उनमें प्रमुख रूप से ग्रामीण विकास, पंचायती राज, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा महिला विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग शामिल हैं। बैठक में शामिल होने के लिए विभागीय मंत्रियों को भी विशेष रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

**********************

टेंडर कमीशन घोटाला में जेल में बंद आलमगीर आलम ने कल मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। मंत्री पद से इस्तीफे का पत्र उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भेजा है जबकि विधायक दल के नेता पद से इस्तीफे का पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा है। आलमगीर आलम के पास संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग था। तीन दिन पूर्व मुख्यमंत्री ने इन सभी विभागों को अपने पास रख लिया था।

**********************

सिमडेगा जिले में खरीफ फसल को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**10**********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने खूंटी जिले में हो रही अफीम की खेती को लेकर नाराजगी जतायी है। कल कोर्ट ने स्वतः संज्ञान से दर्ज एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश सुजित नारायण प्रसाद और अरूण कुमार राय की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में नशे का अवैध कारोबार रोकने में अबतक पुलिस विफल रही है। कोर्ट ने कहा कि यदि पुलिस नशे का कारोबार नहीं रोकती है तो इस मामले में कोर्ट हस्तक्षेप करेगा।

**********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने देश भर के मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट उम्मीदवारों को आश्वासन दिया है कि छह परीक्षा केंद्रों के एक हजार पांच सौ 63 उम्मीदवारों के परिणामों की दोबारा पूरक अंक समीक्षा के कारण उनकी रैंकिंग प्रभावित नहीं होगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक ने कहा कि मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**********************

राज्यभर के एक हजार दो सौ पचास वित्त रहित शिक्षण संस्थानों में आज शिक्षक और कर्मचारी शैक्षणिक हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आयोजन झारखंड राज्य शिक्षा सहित संघर्ष मोर्चा की ओर से अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर किया गया है।

**********************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का पालन करते हुए बालू खनन पर रोक लगा दी है। गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में एक अभियान चलाकर बालू का अवैध खनन और परिवहन करने वाले पर करवाई की गई हैं। उन्होंने बताया कि जब्त वाहनों से खनन विभाग और परिवहन विभाग अलग अलग फाईन की

राशि वसूल करेगा। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स को सभी तरह के आर्थिक अपराध पर रोक लगाने का आदेश दिया गया है। कई स्थानों पर बालू नदी से निकालकर बाहर रखा गया था जिसे जब्त किया गया है।

**************************

चकाई–देवघर मुख्य मार्ग पर चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के अंडीडीह गांव के समीप आज एक अनियंत्रित कार के सड़क किनारे पलट जाने से उसपर सवार सभी तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सभी मृतक पटना के गर्दनीबाग मुहल्ले के निवासी बताए जाते हैं।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद चंद्रमंडीह पुलिस मौके पर पहुंची एवं तीनों को कार से बाहर निकालकर चकाई रेफरल अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के उलीझारी में बन रहे चाईबासा मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन परिसर में हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल देर रात जब मजदूर खुले में सो रहे थे उसी दौरान एक अनियंत्रित भारी वाहन उनके ऊपर चढ़ गया जिससे मौके पर एक मजदूर की मौत हो गई जबकि एक ने सदर अस्पताल में दम तोड़ा। एक अन्य मजदूर को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**************************

मौसम विभाग ने आज से 13 जून तक पलामू और संताल परगना के सभी जिलों में लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों का अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास जा सकता है। मौसम विभाग की ओर से कई जिलों के लिए 14 जून तक हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के मध्य, उत्तरी–पश्चिम हिस्सों में कहीं–कहीं वज्रपात के साथ बारिश भी हो सकती है। वहीं 15 जून से पूरे राज्य में बारिश के आसार हैं।

**********समाप्त***********